प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 13.06.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत के युवा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, विनिर्माण, सेमीकंडक्टर और ड्रोन जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में, उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया के प्रमुख स्टार्टअप केंद्रों में शामिल है और इसकी सफलता में छोटे शहरों और गांवों के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री ने खेलों में युवाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया और अटल इनोवेशन मिशन जैसी पहलों ने नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा दिया है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले 12 वर्षों से एनडीए सरकार युवा–नेतृत्व वाले विकास को प्रोत्साहित कर रही है, जिससे देश के युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अपने सपनों को साकार कर रहे हैं।

0000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज हैदराबाद के दुंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी में 217वें बैच की संयुक्त दीक्षांत परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने नवनियुक्त अधिकारियों से बदलती युद्ध तकनीकों के अनुरूप खुद को तैयार रखने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध में ड्रोन, उपग्रह और रोबोटिक्स जैसी तकनीकों की भूमिका बढ़ रही है। रक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रशिक्षित महिला कैडेट्स के पहले बैच को भी शामिल किया। समारोह में सूखोई–30 एमकेआई, सारंग और सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम द्वारा हवाई प्रदर्शन किया गया।

0000

असम में आज सुबह भारतीय वायुसेना का एक ए.एन–32 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। यह हादसा जोरहाट वायुसेना स्टेशन पर हुआ। विमान क्रैश होने के बाद आग लग गई। फिलहाल दमकल की गाड़ियां घटनास्थल पर मौजूद हैं और राहत–बचाव कार्य जारी है। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

0000

राजस्थान कैडर के दो वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को केंद्र सरकार में महानिदेशक यानी डीजी स्तर के पदों पर नियुक्ति के लिए चुना गया है। केंद्र की कैबिनेट नियुक्ति समिति ने राजस्थान के 1995 बैच के आईपीएस अधिकारी एम. एन. दिनेश और बीजू जॉर्ज जोसेफ को केंद्र में डीजी या उसके समकक्ष पदों पर पदस्थापना के लिए सूचीबद्ध करने की मंजूरी दे दी है। इस सूची में इन दोनों अधिकारियों सहित देश भर के विभिन्न राज्यों के कुल 33 वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को जगह मिली है, जिनमें 1990 से 1995 बैच तक के अधिकारी शामिल हैं।

0000

राज्य सरकार द्वारा जयपुर डेयरी के संयंत्र का आधुनिकीकरण किया गया है। इस पर 133 करोड़ रुपये की लागत आई है। डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि प्लांट के नवीनीकरण से इसकी दूध प्रसंस्करण क्षमता 20 लाख लीटर प्रतिदिन हो गई है। वहीं, दूध पैकिंग की क्षमता भी साढ़े सोलह लाख लीटर प्रतिदिन पहुंच गई है। पहले इसकी दूध पैकिंग क्षमता 10 लाख लीटर थी। इस मेगा प्लांट का जल्द ही उद्घाटन किया जाएगा।

इस प्लांट से जयपुर और आसपास के उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाला दूध मिलेगा। साथ ही, पशुपालकों से अधिक मात्रा में दूध खरीद होने से उन्हें सीधा फायदा पहुंचेगा।

00000

पाली के सोजत सिटी में मेहंदी व्यापारियों के लिए एक कार्यशाला रखी गई। डाक विभाग और मेहंदी व्यापार संघ की ओर से आयोजित इस कार्यशाला में सोजत की विश्व प्रसिद्ध मेहंदी और अन्य स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने पर चर्चा की गई। कार्यशाला में पाली के डाकघर अधीक्षक तरुण शर्मा ने बताया कि डाकघर निर्यात केंद्र छोटे और मध्यम व्यापारियों के लिए वैश्विक बाजार से

जुड़ने का एक आसान और प्रभावी माध्यम है। इस दौरान व्यापारियों को निर्यात पंजीकरण, अंतरराष्ट्रीय पार्सल बुकिंग, कस्टम प्रक्रियाएं, जीएसटी और आयात–निर्यात कोड की जानकारी दी गई।

0000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से **राज्य में अधिकांश हिस्सों में** मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। आंधी और बारिश से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग ने आज भी राज्य के 23 जिलों में तेज हवाओं और बारिश का अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटों के दौरान राजधानी जयपुर सहित कई जिलों में रुक–रुक कर बारिश का दौर चला। हनुमानगढ़, सीकर, श्रीगंगानगर और चूरू के कुछ इलाकों में ओले भी गिरे। प्रदेश में सबसे ज्यादा 50 मिलीमीटर बारिश सीकर के दांता रामगढ़ में दर्ज की गई। इस बारिश और ठंडी हवाओं के कारण कई स्थानों पर तापमान में 8 डिग्री सेल्सियस तक की भारी गिरावट आई है। सीकर में सबसे कम 19 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। हालांकि, पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में गर्मी का असर अब भी बरकरार है। कल 44.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ जैसलमेर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ घंटों में भी कई हिस्सों में तेज हवाओं और गरज के साथ बारिश की संभावना है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 जून को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 135वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 26 जून तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000